



# डे-डेट 40

ऑयस्टर, 40 मिमी, व्हाइट गोल्ड

ऑयस्टर परपेचुअल डे-डेट 40 में 18 कैरेट सफ़ेद सोना के साथ मीटियोराइट, डायमंड-सेट डायल, फ़्लूटेड बेज़ेल और प्रेसिडेंट (President) ब्रेसलेट है।




मीटियराइट डायल

# बाहरी अंतरिक्ष से एक मिश्र धातु

इसके डायल में 10 बैग्वेट-कट डायमंड मौजूद है। सौर मंडल के सुदूर क्षेत्रों में निर्मित, धात्विक मीटियोराइट एक क्षुद्रग्रह से आता है जो लाखों साल पहले फट गया था। ग्रहों के बीच इसकी यात्रा के दौरान, इस प्राकृतिक परग्रही पदार्थ के कुछ हूससे, जो मुख्य रूप से आइरन और निकल के बने हैं, प्रत्येक दस लाख वर्षों में कुछ डिग्री सेल्सियस ठंडे होते हैं, जिससे पदार्थ के अंदर एक अनुपम, विशिष्ट क्रिस्टलीकरण होता है जिसे धरती पर फिर से उत्पन्न करना असंभव है।

मेटैलिक मीटियराइट पर काम करना जितना दुर्लभ है उतना ही चुनौतीपूर्ण भी, लेकिन एक बार जब इसे पतले हिस्सों में काट लिया जाता

है और इन पर केमिकल ट्रीटमेंट किया जाता है, तब इसके एक दूसरे से लिपटी आंतरिक संरचना का अप्रतिम सौंदर्य सामने आता है। इन लुभावनी और विविध संरचनाओं को विडमेनस्टैटन पैटर्न के नाम से जाना जाता है। अपने डायलों के लिए, रोलेक्स इस क्षेत्र के अग्रणी विशेषज्ञों के साथ काम करती है और मीटियराइट्स के केवल वही भाग चुनती है जिनमें विशेष रूप से अच्छी तरह निर्मित सतह अलग-अलग आकारों और परावर्तनों में होती है।



फ्लूटिंग किया हुआ बेज़ेल

# रोलेक्स सिग्नेचर

फ्लूटिंग किया हुआ बेज़ेल, रोलेक्स विशिष्टता की निशानी होता है। मूल रूप से, ऑयस्टर बेज़ेल की फ्लूटिंग का एक कार्यात्मक उद्देश्य था: इससे बेज़ेल को केस पर पेंच से कसा जाता था जिससे घड़ी का जल प्रतिरोधी क्षमता होना सुनिश्चित होता था।

इसलिए यह बिल्कुल केस बैक पर फ्लूटिंग के समान होता था, जिसे भी रोलेक्स के विशेष टूल्स का प्रयोग करके केस पर स्क्रू से कसा जाता था ताकि जल प्रतिरोधी होना सुनिश्चित हो। समय के साथ, फ्लूटिंग एक सौंदर्यात्मक तत्व बन गई, असली रोलेक्स की एक सिग्नेचर विशेषता। आज फ्लूटिंग किया हुआ बेज़ेल विशिष्टता की निशानी होता है, और यह हमेशा सोने का बना होता है।



18 कैरट सफ़ेद सोना

# उत्कृष्टता के प्रति वचनबद्धता

खुद अपनी एक्सक्लूसिव फाउंड्री संचालित करने के कारण, रोलेक्स के पास उच्चतम गुणवत्ता के 18 कैरट गोल्ड मिश्रधातुओं की ढलाई की क्षमता है जो इसके किसी भी प्रतिद्वंद्वी के पास नहीं है। सिल्वर, कॉपर, प्लैटिनम या पैलेडियम के अनुपातों के अनुसार, अलग-अलग प्रकार का 18 कैरट गोल्ड प्राप्त होता है: पीला, गुलाबी या सफेद।

उन्हें केवल शुद्धतम धातुओं से बनाया जाता है और इन-हाउस प्रयोगशाला में अत्याधुनिक उपकरणों से बहुत ध्यानपूर्वक जांचा जाता है ,उसके बाद ही गोल्ड को गुणवत्ता पर उतनी ही कड़ाई से ध्यान देते हुए बनाया और रूप दिया जाता है। उत्कृष्टता के प्रति रोलेक्स की वचनबद्धता स्रोत से ही शुरू हो जाती है।



प्रेसिडेंट (President) ब्रेसलेट

# सर्वोत्तम तकनीकी

रोलेक्स ब्रेसलेट तथा क्लास्प का डिज़ाइन, विकास और उत्पादन, तथा उनकी कठोर जांचों में उन्नत उच्च प्रौद्योगिकी शामिल होती है।

और, घड़ी के सभी घटकों की तरह, मानवीय आंख द्वारा सौंदर्य पर नियंत्रण अचूक सुंदरता की गारंटी होती है। अर्द्ध-गोलाकार तीन-पीस लिंक्स वाला प्रेसिडेंट ब्रेसलेट 1956 में ऑइस्टर पर्पेचुअल डे-डेट के लॉन्च के लिए बनाया गया था। यह परिष्कार और सुविधा के उच्चतम स्तर को दर्शाता है इसे हमेशा ध्यानपूर्वक चुनी गई बहुमूल्य धातु से बनाया जाता है।

# और पढ़ें तकनीकी विवरण डे-डेट

संदर्भ 228239

## मॉडल केस

**प्रकार**
ऑयस्टर, 40 मिमी, व्हाइट गोल्ड

**व्यास**
40 मिमी

**मैटीरियल**
व्हाइट गोल्ड

**बेज़ेल**
फ़्लूटेड

**ऑयस्टर संरचना**
मोनोब्लॉक मिडल केस, स्क्रू-डाउन केस बैक और वाइंडिंग क्राउन

**वाइडिंग क्राउन**
स्क्रू-डाउन, ट्विनलॉक डबल वॉटरप्रूफ़नेस सिस्टम

**क्रिस्टल**
स्क्रैच-रोधी सैफ़ायर, तारीख के ऊपर साइक्लोप्स लेंस

**जल प्रतिरोधी-क्षमता**
100 मीटर / 330 फीट तक वॉटरप्रूफ़

## घड़ी की मशीन

**प्रकार**
परपेचुअल, मैकेनिकल, सेल्फ़-वाइंडिंग

**कैलिबर (घडी के चलने की यंत्रावली)**
3255, मैन्युफैक्चर रोलेक्स

**सटीकता**
-2/+2 सेकंड/दिन, केसिंग के बाद

**दोलक**
पैरामैग्नेटिक ब्लू पैराक्रोम हेयरस्प्रिंग। हाई-परफ़ॉर्मेंस पैराफ़्लेक्स शॉक एब्जॉर्बर

**वाइडिंग**
दो दिशाओं में परपेचुअल रोटर के ज़रिए सेल्फ़-वाइंडिंग

**पावर रिज़र्व**
लगभग 70 घंटे

**फंक्शन**
मध्य घंटे, मिनट और सेकंड की सुइयाँ, एपर्चर में तत्क्षण दिन और तारीख, असीमित तीव्र-सेटिंग। सटीक टाइम सेटिंग के लिए स्टॉप-सेकंड

## ब्रेसलेट

---

**प्रकार**
प्रेसिडेंट (President), अर्द्ध-गोलाकार थ्री-पीस लिंक्स

**ब्रेसलेट सामग्री**
18 कैरेट व्हाइट गोल्ड

**क्लास्प**
कन्सील्ड फ़ोल्डिंग क्राउन्सक्लास्प

## डायल

---

**प्रकार**
डायमंड्स से जड़ित मीटियोराइट

## सर्टिफ़िकेशन

---

**प्रकार**
सुपरलेटिव क्रोनोमीटर (COSC + केसिंग के बाद रोलेक्स सर्टिफ़िकेशन)

# Rolex.com को एक्सप्लोर करें और जानें

**सभी बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे ट्रेडमार्क, सर्विस मार्क, ट्रेड नाम, डिज़ाइन और कॉपीराइट सुरक्षित हैं।**

इस वेबसाइट में शामिल कोई भी चीज़ लिखित अनुमति के बिना पुनरुत्पादित नहीं की जा सकती। रोलेक्स वर्तमान वेबसाइट में दिखाए गए मॉडलों में संशोधन करने का अधिकार हर समय सुरक्षित रखती है।

ROLEX